विवरण

इन विदेशी कम्पनियों का ब्यौरा जिन्हें पिछले 3 वर्षों में उद्योग लगाने की अनुमति दी गई

	कम्पनी का नाम	देश
1.	मै. बेन्टलों नवादा कार्पोरेशन	यू.एस.ए.
2.	मै. इंटरनेशनल पेट्रोलियम एस ए, बी वी आई	स्विटजरलैंड
3.	मै. कारगिल साउथ ईस्ट एशिया लि.	सिंगापुर
4.	मै. हूबर सी एस टी कं.	यू.एस.ए.
5.	मै. वीयरनास होलिंग्रवेर्थ सिंगापुर प्रा. लि.	सिंगापुर
6.	मै. लेकलर जीएमबीएच एंड कं. केजी	जर्मनी
7.	मै. लॉकटाइट कार्पोरेशन	सिंगापुर
8.	मै. सी.पी. एन्वाकल्चर ब्यूजीनेस जीआर	बैंकाक
9.	मै. मैकडोनाल्ड कार्पोरेशन	यू.एस.ए.
10.	मै. वीएलएसआी टेक्नोलोजी कं.	यू.एस.ए.
11.	मै. सिलकिन ग्राफिक्स	सिंगापुर
12.	मै. जी ई एस सिंगापुर	सिंगापुर
13.	मै. बैटपज इंटरनेशनल इंक.	यू.एस.ए.
14.	मै. सीग्राम कं. लि.	कनाडा
15.	मै. के पी एम जी-पीट मार्विक	यूके
16.	मै. कोका कोला साउथ एशिया होल्डिंग इंक	यू.एस.ए.
17.	मै. गूमा एस ए	मैक्सिको
18.	मै. वेन ओमेरन टैंक टर्मिनल्स एशिया बी वी	नीदर लैंड
19.	मै. ए एम पी इकार्पोरेटेड	यू.एस.ए.
20.	मै. प्रोक्टर एंड गैम्बल कं.	यू.एस.ए.
21.	मै. दुन एंड ब्राडस्ट्री कार्पो.	यू.एस.ए.
22.	मै. लैविस स्ट्रास एंड कं.	हांगकांग
23.	मै. इंचकेयर कोवरसीज लि.	यूके
24.	मै. हेस्टक सिस्टम्स	यू.एस.ए.
25.	मै. कूटर विजन कार्पोरेशन	यू.एस.ए.
26.	मै. टैजीवल विजन कं.	यू.एस.ए.
27.	मै. के एफ सी (पेपसिको इंक. की अनुषंगी)	हांगकांग
28.	मै. सिलौन सप्लाई एंड डेव, कार्पो.	श्रीलंका
29.	मै. डिजिटल इमेज सिस्टम ए जी, रंडॉस	स्विटजरलैंड
30.	मै. बैक्टल कार्पोरेशन	यू.एस.ए.

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्षों/ प्रबंध-निदेशकों के विरूद्ध भ्रष्टाचार के लिये की गयी कार्यवाही

554. **श्री ईशदत्त यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्षों/ प्रबन्ध-निदेशकों के विरूद्ध कदाचारों और भ्रष्टाचारों के कारण कोई कार्यवाही की जाती है;

(ख) यदि हां, तो पिछले 5 वर्षों के दौरान ऐसे अध्यक्षों/प्रबन्ध-निदेशकों के विरूद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है और उनके क्या-क्या नाम हैं; और

(ग) किस मंत्रालय के अन्तर्गत इस प्रकार की कार्यवाही की जाती है?

उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) में राज्य मंत्री और उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही): (क) से (ग) जब कभी भी दुराचार और भ्रष्टाचार इत्यादि के मामले जानकारी में आते हैं तो सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्षों/प्रबन्ध–निदेशकों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष 1990-1993 (जून 1993) तक की अवधि के दौरान ऐसे 10 कार्यपालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इन मामलों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

पिछले 5 वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्षों/प्रबन्ध निदेशकों के विरूद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा

क्रम सं.	सरकारी क्षेत्र के उद्यम/मंत्रालय/विभाग का नाम	टिप्पणी
1.	श्री एस॰एन॰ जैन, भूतपूर्व प्रबन्ध निदेशक नेशनल फर्टिलाइजर्स लि॰ (उर्वरक विभाग)	केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मामला दर्ज किया गया
2.	श्री आर॰ वेंकटेशन, मुख्य प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि॰ (उर्वरक विभाग)	निलम्बित केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मामला दर्ज
3.	श्री ओ॰पी॰ नरूला, भूतपूर्व मुख्य प्रबन्ध निदेशक इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (इंडिया) लि॰ (भारी उद्योग विभाग)	मामला खारिज क्योंकि चूंकि आरोप प्रमाणित नहीं किए जा सके
4.	श्री एच॰सी॰ मल्होत्रा, भूतपूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक, भारत पैट्रोलियम कारपो॰ लि॰ (तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय)	तदैव-
5.	श्री यू॰पी॰किनी॰, भूतपूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक भारत पैट्रोलियम कारपो॰ लि॰ (तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय)	केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मामला दर्ज
6.	श्री एन॰सी॰ मुखर्जी, भूतपूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक भारत रिफ्रैक्ट्रीज लि॰ (इस्पात मंत्रालय)	-तदैव-
7.	श्री पी॰एस॰ देवधर, भूतपूर्व अध्यक्ष ईटी एंड टी लि॰ (इलेक्ट्रानिक्स विभाग)	मामला बन्द
8.	श्री जोसफ कुरियन, भूतपूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक मद्रास फर्टिलाइजर्स लि॰ (उर्वरक विभाग)	केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मामला दर्ज कोई अनुशंसा नहीं
9.	श्री एस॰एन॰ जौहरी, मुख्य प्रबंध निदेशक, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लि॰ (खान मंत्रालय)	निलम्बित
10.	कर्नल संतोष चन्द्र, भूतपूर्व प्रबंध निदेशक, आर्टिफिशियल लिम्ब मैन्यु॰ कंपनी लि॰ (कल्याण मंत्रालय)	25.3.93 से 8.4.93 तक निलम्बित

555. *[Withdrawn]*

देश में औद्योगिक जिले

556. श्री जगन्नाथ सिंह: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य वार कुल कितने जिले हैं;

(ख) उपरोक्त जिलों में से राज्यवार ऐसे कितने जिले हैं जिन्हें औद्योगिक जिलों के रूप में घोषित किया गया है; और

(ग) शेष जिलों में से कितने जिलों में औद्योगिक एककों की स्थापना किए जाने का विचार है?